भूमिका

'सन्त बाल' अथवा जैन मुनि सन्तबाल का नाम वर्तमान
गुजरात और महाराष्ट्र राज्यों में ही नहीं, भारत वर्ष के अहिंसक
…नि में कार्य करने वाले रचनात्मक कार्यक्षेत्रों और कार्यकर्ताओं
दीर्घ समय से सुपरिचित और प्रतिष्ठित हैं। वे जैन साधु के
र ही पदयात्रा करते हैं। उन की दृढ़ धारणा है कि जनहितकारी
साधुत्व सत् प्रवृत्तियों को सक्रिय प्रेरणा से जैन साधु के
नियमों का उल्लंघन नहीं होता। उन्होंने युग की आवाज को सुना
और उसे हृदय पटल पर उत्कीर्ण किया है। वे मानते हैं कि जैन
श्रमणों को नवनिर्मित परिधि से बाहर आ कर धर्म दृष्टि से नवीन
समाज रचना का प्रयोग करना ही चाहिए। महात्मा गांधी
के सत्य और अहिंसा के विविध प्रयोगों ने अहिंसा भगवती का क्षेत्र
व्यापक बनाया है। जैन श्रमणों के पास तप व त्याग की आदर्श
परम्परा है। अतः नूतन समाज रचना और वास्तविक विश्व शान्ति
की स्थापना में वे आदर्श और अनुकरणीय कार्य में हर दृष्टि से समर्थ
हैं। उन की [illegible] विचार धारा और जैन साधुत्व की मर्यादा विषयक
मान्यताओं में शायद किसी का मतभेद संभव हो, परन्तु उन का क…
हस्तामलकवत् स्पष्ट है।

वे आदर्श कार्यकर्ता ही नहीं, गंभीर विचारक और धर्मशा…
मर्मज्ञ भी हैं। उन की वाणी में ओज है, लेखनी में प्रभावोत्पा…
है, भाषा में प्रवाह है और व्यक्तित्व में तेज है। गुजरा…
उन्होंने विशाल साहित्य लिखा है। कतिपय जैनागमों का भी …
किया है और उन पर टीकाएं लिखी हैं। 'विश्ववात्सल्य' औ…
मानवी' नामक गुजराती पत्रिकाओं में उन के लेख विभिन्न …
पर प्रकाशित होते रहते है। उन्होंने जो साहित्य लिखा है …
'ब्रह्मचर्य साधना' नामक पुस्तिका भी है। गुजराती में …
संस्करण प्रकाशित हो चुके हैं।

इन की उदारता और सेवा भावना पाठकों को सत्प्रेरणा देगी, ऐसी आशा है।

भारत में ब्रह्मचर्य की प्रतिष्ठा सनातन काल से ही रही है। ब्रह्मचर्य का पालन करने वाले महात्मा और योगी प्रत्येक भारतीय के श्रद्धा और सन्मान के पात्र रहे हैं। गुरु वल्लभ स्वयं बाल ब्रह्मचारी थे और उन्होंने ब्रह्मचर्य को सर्वोच्च स्थान दिया है। उन्हों ने चरित्र पूजा की रचना की है जिस में वे लिखते हैं।

"ब्रह्मचर्य तप से मिले मोक्ष परम् पद धाम,
चतुराश्रम में मुख्य है ब्रह्मचर्य का नाम।"

वे मानते थे कि ब्रह्मचर्य के बिना कोई भी साधु मान प्राप्त नहीं कर सकता। ये कहते हैं—

"ध्यानी, मौनी, वल्कली, मुण्ड, तपस्वी जान।
ब्रह्मा भी ब्रह्महीन हो तनिक न पावे मान॥"

याज्ञवल्क्य स्मृति के आधार पर इसी विषय में उन का यह भी कथन है :—

"सेवे मैथुन होयके दीक्षित जो नर नार।
विष्ठा का कीड़ा बने हायन साठ हजार॥" (हायन—वर्ष)

जैन शास्त्रों में ब्रह्मचर्य की महिमा का सर्वत्र गुणगान किया गया है। प्रश्न व्याचारांग व्याकरण वृत्ति में स्पष्ट उल्लेख है कि आर्हतों (तीर्थंकरों के अनुयायी) के लिये मैथुन त्याग के अतिरिक्त एकान्त से न तो कुछ प्रतिषिद्ध है और न अनुज्ञात। जैन धर्म सम्मत तप निर्जरा और क्रमश. मोक्ष का साधन है और तप में सर्वोत्तम ब्रह्मचर्य ही है यह सूत्र कृतांग का कथन है। जैनागमों में 'बंभं भगवन्तं' माना गया है। ब्रह्मचर्य के आराधक को देव, दानव, गन्धर्व, यक्ष, राक्षस और किन्नर तक नमस्कार करते हैं।

हिन्दू धर्म में भी यह माना गया है कि:—

'एकतश्चत्वार: वेदाः ब्रह्मचर्यं चैकत:' इस के अतिरिक्त यह भी कहा गया है 'व्रतानां ब्रह्मचर्यं हि निर्दिष्टंगुरुकं' अर्थात् सभी व्रतों में

ब्रह्मचर्य साधना

"सौन्दर्य का मूल"

गगन में नीलवर्ण घन मंडरा रहे हैं। संध्या की वेला है। सूर्य की मन्द मन्द किरणें विकसित हो रही हैं। इस समय का इन्द्रधनुष कितना मनोहर होता है? चक्षु निर्निमेष दृष्टि से इस को निहारते ही रहते हैं।

सर्दी की ऋतु है। गोधूम के हरियाले क्षेत्र लहलहा रहे हैं। मेघगर्जन हो रहा है। दर्भ (कुश) पर ओस बिन्दु टपक रहे हैं, मानो मूल्यवान मोती.........

वसन्त की ऋतु है। लतामण्डप हैं। विविध प्रकार के वृक्ष हैं। रंगबिरंगे पुष्प विकसित हो चुके हैं। केवड़ा, चम्पा, चमेली, जाई और जुईनी की सुगन्ध चहुं ओर फैल रही है। चित्ताकर्षक गुलाब के फूल हैं। मानो ये सब प्रकृति रूपी रमणी का अद्भुत लावण्य।

प्रिय पाठक वृन्द! विचार करो कि ये सब हैं किन्तु नेत्र ही न हों तो? नेत्र भी हैं परन्तु मन न हो तो? मन और चक्षु के होने पर भी यदि सृष्टि सौन्दर्य निरीक्षण की रसवृत्ति कुण्ठित हो तो? इन सब की विद्यमानता में चित्त प्रसन्न न हो तो? एवं आत्मा ही स्वस्थ न हो तो?

ब्रह्मचर्य व्रत सब से महत्वपूर्ण है। पातंजल योग सूत्र में कहा ग
"ब्रह्मचर्य प्रतिष्ठायां वीर्यलाभः" अर्थात् ब्रह्मचर्य की साधना से
तेज अथवा शक्ति उपलब्ध होती है। वर्तमान युग में हम भ
वाद की ओर इतने अधिक झुक गये है कि सदाचार और ब्रह
की प्रायः उपेक्षा ही हो गई है। गृहस्थ जीवन में भी मर्यादित ब्रह
का पालन वीर्य, शक्ति एवं ओज का स्रोत है। इसे हम ने वि
कर दिया है। सदाचार की दृष्टि से जिस भारत का ललाट
हिमालय के समान उन्नत था; आज उस देश में अबोध बालिक
पर भी बलात्कार के हृदयविदारक समाचार पढ़ कर क्या वह
से झुक नहीं जाता? हमारा आहार, व्यवहार और आचार वि
हो चुका है। उपनिषदों में घोषणा की गई थी कि "अन्नमयं
सौम्य मनः" अर्थात् हमारा मन हमारे भोजन-तत्वों से ही बनता
आज सात्विक भोजन की प्राप्ति एक समस्या है। अश्लील च
चित्रों और विज्ञापनों ने जलती में घृत का कार्य किया है।
पश्चिम को हम अपने आधुनिक जीवन का आदर्श मानते हैं उस
विषय में एक ही घटना का उल्लेख हमारी आंखें खोल
२४-२-१९५८ के नवभारत टाइम्स में यह समाचार प्रका
हुआ था कि प्रतियोगिता में पुरस्कृत भारत की "पथेर पंचा
फिल्म को न्यूयार्क के छविगृहों में प्रदर्शित करने की आज्ञा इस
नहीं दी गई थी कि उस में यौन-भावना (Sex) को उत्तेजित क
वाली कोई वस्तु न थी।" यह भी समाचार प्रकाशित हुआ है
१९५९ में जापान में ५० हजार छात्र इस लिये गिरफ्तार किये
कि उन्हों ने युवतियों पर बलात्कार किया।

ऐसे दूषित और नैतिक अधःपतन के वातावरण में ब्रह्मच
सन्तों द्वारा लिखित इस प्रकार की पुस्तक भारत की आधुनिक पी
का उचित मार्ग दर्शन कर सके, उसे पतन के गर्त में गिरने से ब
सके तो हमारा यह प्रयत्न सार्थ कहोगा।

२३ मई १९६१ — पृथ्वीराज जैन एम०ए० शास
ज्येष्ठ शुदि अष्टमी

हां तो अन्ततः कहना ही पड़ता कि ये सब आत्मा ही है। सारांश यह है कि सौन्दर्य का मूल चित्त की प्रसन्नता ही है। सौन्दर्य का मूल आत्मा की स्वस्थता ही है। जैसे सौन्दर्य का मूल यह है वैसे ही चेतनशक्ति, अगम्य आकर्षण, भव्य ओजस् तथा अनुपम रमणीयता इत्यादि सभी का मूल यही है। इसी लिये कहा है कि—

सौन्दर्य प्रिय ! तुम द्वार खोलो, मुझे रूप में दर्शन दिखा दे तू।
उच्छिष्ट और ऊपर के मलिन, लिबास से नौतन तू बना॥
निर्लेपता हाथ अब प्रसारो, संभाल ले स्नेह सारी हमारी।
विज्ञान का अंजन लगा प्रिये ! अज्ञान अंधी पटल (पर्दा) उठाके॥

एक रूपवान् नवयुवक है। केश घुंघराले हैं। मनमोहक परिधान (पोशाक) धारण किये हुए है तथा ग्रीवा में सुन्दर टाई लगी है। शरीर हृष्ट पुष्ट है परन्तु उस नवयुवक को इन समस्त रमणीय वस्तुओं का अतीव घमण्ड था। एक तत्त्वद्रष्टा ने उस से पूछा 'तेरे में यह सब किस कारण प्रतीत हो रहा है' क्या तू जानता है ? मनोहर प्रतीत होने वाली इस तेरी काया में से यदि एक आत्मा ही निकल जाये तो (यदि आत्मा ही न रहे तो)? युवक विचारने लगा और अन्ततः उसे विदित हुआ कि मैं जिस के लिये गर्विष्ठ बना हुआ हूं वह तो केवल हाड़, मांस और मज्जा का कंकाल मात्र ही है। जिस के लिये मुझे गर्व करना चाहिये वह आत्मा तो अहंकार रूपी दुर्गुण से कलुषित बन चुका है। इस विचार से उस युवक को सौन्दर्य के मूल की प्राप्ति हुई और वह वास्तविक रूप से सुन्दर बन गया।

उसने सौन्दर्य का मूल प्राप्त किया…… ..

जिस ने सौन्दर्य का मूल प्राप्त कर लिया उस ने सर्वस्व प्राप्त कर लिया। मानो बाह्य दृष्टि से देखे जाने वाले विश्व के कुरूप दृश्य

न प्रकार के सौन्दर्य अवलोकक के लिये अति रमणीय प्रतीत होते । उस का हृदय जिस प्रकार पुण्यात्मा में उसी प्रकार रात्मा में भी प्रच्छन्न रूप से छिपे सौन्दर्य को देखता है। जहां हां चैतन्य है वहां वहां उस को यह सौन्दर्य षोडश कला सदृश चन्द्रमा की सोलहों कलाएं मानी गई हैं) देदीप्यमान प्रतीत होता । वह सर्वत्र ज्ञानमय आनन्द महासागर को तरंगित होता हुआ खता है। इसी का ही नाम योग है। गीता में कहा है "सर्वथा र्तमानोऽपि स योगी मयि वर्तते" अर्थात् सर्व प्रकार से सांसारिक ार्यों में व्यस्त रहता हुआ भी वह योगी वास्तविक रूप से मेरे सम्पन्न है।

——:o:——

"ब्रह्मचर्य"

किसी भी साधना की आराधना करने से पूर्व बुद्धिमान् मानव ो प्रथमतः इस बात की जिज्ञासा होती है कि वह क्या है और किस नये है ? इस नियम के अनुसार ब्रह्मचर्य व्रत का प्रश्न साधक के म्मुख रखने पर, वह पूछेगा कि ब्रह्मचर्य व्रत किस लिये ?

किन्तु पूर्ववर्णित सर्वश्रेष्ठ योग का साधन ब्रह्मचर्य ही है। अतः ब्रह्मचर्य किस लिये यह प्रश्न ही नहीं उठ सकता।

सामान्य रूप में योग का अर्थ है 'एकाग्रता' अर्थात् 'चित्त की एकाग्रता'। यह एकाग्रता ब्रह्मचर्य के बिना प्राप्त नहीं हो सकती है।

योग का दूसरा अर्थ आत्मा के साथ घनिष्ठ सम्बन्ध होना है। ब्रह्मचर्य के बिना इस संसर्ग का होना नितान्त असम्भव है।

[illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible]

मन, वचन, [illegible] है।

[illegible] ब्रह्मचर्य साधक [illegible] को निरीक्षण [illegible] का सहज द्रष्टा हो सकता है।

द्रष्टा का अपूर्व साधन.........

वस्तुतः यह (ब्रह्मचर्य साधना) साधन आत्मा को सहज द्रष्टा बनाने के लिये ही है। और इस दृष्टि से ही ब्रह्मचर्य अपूर्व साधन माना जाता है।

अखण्ड ब्रह्मचर्य किसे कहते हैं.........

अब प्रश्न यह होता है कि अखण्ड ब्रह्मचर्य कहते किसे हैं? शारीरिक—शरीर रूपी—यन्त्र का सूक्ष्म व्यवहार कार्य भी आत्म जागृति—आत्म स्मृति से विमुख होने वाला न हो ऐसा अथवा उस शरीर में विद्यमान पुरुष ही पूर्ण ब्रह्मचारी कहा जाता है अर्थात् पूर्ण ब्रह्मचर्य का व्रतधारी कहा जाता है।

अकृत्रिम—स्वाभाविक रूप से बलात् यत्न बिना ऐसी अवस्था को प्राप्त करना ही अखण्ड ब्रह्मचर्य की सिद्धि मानी जाती है।

टीकरण के लिये नीचे लिखे दो दृष्टान्त देखिये ···

प्रथम दृष्टान्त ···

(क) एक वेश्या का निवास स्थान है। वेश्या का नाम
ता है अथवा यूं कहिये कि गृह की नायिका का नाम कोशा है।
। और अभिनय उस के हैं! कटाक्ष मात्र से वीर को भी
लित करने वाली ···

आज वह बहुमूल्य वस्त्रभूषणों से सुशोभित—अलंकृत है। शरीर
त्येक अंगोपांग से मानो शृंगार रस ही टपक रहा है। ऐसा
त होता है मानो साक्षात् रम्भा (कामदेव की स्त्री) ही न हो।

निवास स्थान के समीपवर्ती भाग में ही एक अद्भुत पुरुष है।
जैन श्रमण-साधु होने पर भी वेश्या गृह में वास कर रहा है। साधु
अपने गुरु से वेश्या के गृह में रहने की आज्ञा मांग ली है। यह भी
न् आश्चर्य है। साधु के निवास स्थान में विविध प्रकार के कामो-
क चित्र विद्यमान हैं। साधु के नेत्रों के समक्ष कोशा खड़ी है।
ा के मदोन्मत्त नेत्रों से तीक्ष्ण बाण गिर रहे हैं। किन्तु उस महान्
क का एक भी रोम उस की ओर आकृष्ट नहीं हो रहा है। उफ़!
ना महान् आश्चर्य है।

अन्ततः कोशा पराजित हो जाती है और विजय साधु की होती
कोशा वेश्या महान् विस्मय रूपी जलधि में निमग्न हो रही है।
वेशा मन में सोचती है) "पूर्वाश्रम में अर्थात् जिस समय यह मन्त्री
कहलाता था उस समय मेरी ही इस सुन्दर काया पर मुग्ध था।
ज इस ने चारित्र ग्रहण कर कौन सी सिद्धि प्राप्त कर ली है जो
कामोत्तेजक प्रसंग में भी मेरुगिरि सदृश निश्चल बना हुआ है।"
श्चर्य चकित कोशा की विचारधारा इस से आगे बढ़ने में समर्थ न

हो गयी। कोशा चरणों में गिर पड़ी और अवसरज्ञ मुनि ने
बात सुनानी प्रारम्भ की। "कोशा ! इस में विस्मय की बात [illegible]
नहीं है। जो है वही है–जो था वही हूं इस में नूतन कुछ भी नहीं
जब मैं ने 'सौन्दर्य के मूल' को नहीं प्राप्त किया था, तब [illegible]
शारीरिक लावण्य को ही वास्तविक सौन्दर्य समझता रहा। [illegible]
[illegible] से भली प्रकार परिचित हो गया हूं। अतः कृत्रिम [illegible]
[illegible] नष्ट भ्रष्ट हो गया है और वास्तविक आत्मानुराग [illegible]
प्रगट हो गया है।"

ब्रह्मचर्य का चमत्कार

यदि विश्व में कोई [illegible] चमत्कार है तो [illegible]
के हृदय में परिवर्तन हो जाना।

ऐसे परिवर्तन को [illegible] है। [illegible]
चमत्कार को ही नमस्कार करना [illegible] है। [illegible]
के कारण ही [illegible]
था। [illegible]
में किसी भी प्रकार की [illegible] नहीं [illegible] थी। [illegible]
नवविवाहित युवकों को मृत्यु के घाट उतारा था। [illegible]
पारावार ही न था। [illegible] युवकों को [illegible]
मयी धूल में मिला दिया था।

इस प्रकार चोरी, हत्या, मांसाहार, आदि अनेक पापकर्मों में
ही अपनी शक्ति का दुरुपयोग किया करता था। परन्तु वह भी
पापी से वीर एवं संहारक से संरक्षक बना। मीरा ने भी एक बार
कामासक्ति से पीड़ित नर को ब्रह्मचर्य के प्रभाव से ही सं
बनाया था।

इस प्रकार एक नहीं अपितु अनेक दृष्टान्त प्राप्त हो सकते हैं।
राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी में जो आकर्षण था उस का मूल कार
और क्या था।

अन्य चमत्कार..........

सभी चमत्कार आध्यात्मिकता के ही छाया रूप हैं, और
ब्रह्मचर्य के विना आध्यात्मिकता सम्भव ही नहीं। सामान्य चमत्कार
जो सृष्टि में दृष्टिगोचर होते हैं उन का कारण भी यही है।

अशोक वाटिका में असहाय सीता को रावण जैसा-शक्तिशाली राक्षस भी विचलित करने में असमर्थ रहा। यह शक्ति किस की? सीता की नहीं अपितु सीता के शील व्रत की ही। यह भी तो प्रसिद्ध घटना है कि अग्नि भी सीता को जला न सकी थी। लक्ष्मण का भी अलौकिक बल चतुर्दश (१४) वर्ष के अखण्ड ब्रह्मचर्य व्रत के कारण प्रकट हो सका था। नवोढा उर्मिला के त्यागी लक्ष्मण की प्रशंसा की जाए अथवा पतिसहचार से वंचित उर्मिला के महात्याग की। और यह साधना भी कैसी? *सीता के मुख तक को भी न देखा था। धन्य है, तुम्हारी ब्रह्मचर्य निष्ठा को!

लक्ष्मण तो विवाहित थे अतः वे मूर्छित हुए, सीता भी विवाहिता थी, शायद इसी लिये उस का अपहरण हुआ। किन्तु हनुमान जी तो जीवन पर्यन्त ही अविवाहित रहे थे। यानी नैष्ठिक ब्रह्मचारी ही बने रहे। इसी लिये पर्वत को उठा कर लाये थे। इसी हेतु उन का सामर्थ्य कभी भी पराभव को प्राप्त नहीं हुआ था।

आधुनिक युग के स्वामी रामतीर्थ को कौन नहीं जानता। वे इतने बलशाली बन चुके थे कि उन्होंने गुफा और पर्वतों को केवल वाणी के प्राबल्य से ही कम्पित कर दिया था। ऐसे ही सती राणक देवी की वाणी ने गिरनार पर्वत को हिलाया था। यह बात किस से अप्रसिद्ध है।

जूनागढ़ के सुप्रसिद्ध राजा की दृष्टि, नागबाई की पुत्रवधू पर विकारमयी हो गई थी जिस से उस का महान् अधः पतन हुआ था। राजा खेंगार और गुजरात के सिद्धराज के परस्पर घोर युद्ध का कारण राणक देवी ही थी।

जूनागढ़ में प्रान्तीय राजा को मोणिया जाति के चारणों ने आमन्त्रित किया। नागबाई आदि चारण-पत्नियों ने राजा का कुंकुम

*सीता के चरणकमलों के निकट दिन रात निवास करने वाले लक्ष्मण ने

वह ग्रामों की पिछड़ी जाति, अशिक्षित एवं निर्धन वर्ग की माता बनी। वह भी ब्रह्मचर्य का ही प्रभाव है।

तुम विश्व के किसी भी क्षेत्र के विजेता की ओर निहारो। उस में भी तुम को ब्रह्मचर्य का ही अपूर्व प्रभाव दृष्टिगोचर होगा।

फ्रांस के विजयी इतिहास में जोंदार्क अर्थात् ब्रह्मचारिणी, "जोन आफ आर्क" का नाम भी गौरवान्वित है। ग्रामीण एव अशिक्षित होते हुए भी महाबलशालिनी तथा बुद्धिमती उस सोलह वर्ष की सुकुमारी ने अनेक कायर व्यक्तियों में वीरता का संचार किया। और सेनापति के पद पर आरूढ़ रहते हुए फ्रांस को अविचल रखा।

क्या भारत में अखण्ड ब्रह्मचर्य के पालन के माध्यम से वैधव्य सुशोभित करने वाली एवं प्राप्त विजया झांसी की रानी लक्ष्मी बाई तथा अहल्याबाई के उदाहरणों की कमी है ?

जर्मनी के भूतपूर्व अधिनायक को ही देखो। उस की शक्ति का प्रवाह हिंसक युद्ध की ओर अग्रसर हुआ। यद्यपि वह हानिकारक था। तथापि उस प्रवाह का मौलिक कारण अनायास आचरित ब्रह्मचर्य ही था। उस का कौन निषेध कर सकता है।

बंगाल के महान् राष्ट्र सेवक एवं उस समय की राष्ट्रीय महासभा के माननीय प्रमुख सुभाष चन्द्र बोस की राष्ट्र सेवा में किस का हाथ था। किसी भी सेवानिष्ठ की ओर अथवा आत्मसाधना और धर्म साधना के साधक की ओर देखो। उस में भी तुम को ब्रह्मचर्य निष्ठा ही उपलब्ध होगी। भगवान् ईसामसीह भी नैष्ठिक ब्रह्मचारी थे। उन के द्वारा प्ररूपित धर्मध्वज के नीचे मानव सृष्टि का प्राय तिहाई भाग विद्यमान है।

[illegible]

[illegible] ।

[illegible] ! [illegible] ब्रह्मचर्य भावना को ह
[illegible] और तुम्हारे में एक
[illegible] प्रस्फुटित प्र
[illegible] । तुम्हारे इतस्ततः के वातान
[illegible] पड़ती है और लोग तुम्हारी ओर आकृष्ट ह
जगत् तुम को महान् आशा और विश्वास की दृष्टि से देखने
है । माताएं तुम्हारे इस तेज का स्वागत करके आशिष ह
करती है । तुम्हारे में प्रेम का ईश्वरीय तत्त्व विकसित होना
हो जाता है जोकि तुम्हारा मौलिक केन्द्र स्थान है । तुम्हारं
बिखरी हुई शक्तियां केन्द्रित होने लग जाती हैं । इस में तु
कोई अलौकिक उत्साह व्याप्त हो जाता है । चमत्कारिक व
होता है । एवं अनन्य उल्लास की लीनावस्था का तुम को
अनुभव होने लगता है । परमात्म-प्रेरणा तुम्हारे में क्रमशः
लेती है और तुम विश्व विभूतियों की अवलि में आ बैठ
तुम्हारे लिये सत्य साधना सुलभ बन जाती है । तुम नि
और निःस्पृहता के कारण निर्भय बन जाते हो निर्मलता और
के क्रमशः विकास से तुम प्रेम के पात्र बन जाते हो । तुम्हारा
जीवन विश्व के लिये आदर्श रूप बन जाता है । तुम्हारा
आनन्द विश्व जीवन का परमानन्द—परम जीवन हो जात
तुम्हारे प्रेम सिन्धु को देखने के लिये अनेक अस्त व्यस्त निर्झ
एकत्रित हो कर सनातन पथ पर प्रवाहित होने लग जात
सारांशतः तुम स्वयं महानियम के अडिग संचालक तथा
परमात्म रूप बन जाते हो और तुम्हारे में यह ब्रह्मतेज की
विस्तृत हो जाती है ।

निहित समझो ...

ब्रह्मचर्य यह योग की अनाहत ध्वनि है।
ब्रह्मचर्य मोक्ष मार्ग का अद्वितीय पथ प्रदीप है।
ब्रह्मचर्य परम देवाधि देवता द्वारपाल है।

ब्रह्मचर्य परम प्रकाश का अक्षय ज्योति पुंज है।

ब्रह्मचर्य ही आत्मरूपा सिन्धु का आलिंगन करने वाली महान् सरिता है।

ब्रह्मचर्य ही जीवन और जगत् के महाविनाश को रोकने वाला अवलम्बन है।

ब्रह्मचर्य ही संसार के मायाजाल से छुटकारा दिलाने वाला महामन्त्र है।

एक ओर वैदिक सिद्धान्त रखो और दूसरी ओर ब्रह्मचर्य की महिमा ...

ब्रह्मचर्य का ही पलड़ा भारी होता है और विजय भी ब्रह्मचर्य की ही होती है। विश्व की सभी सिद्धियां, समृद्धियां एवं स्वर्ग लोक की सर्व विभूतियां एक मात्र ब्रह्मचारी के ही चरणों में लोटती हैं।

जहां २ ब्रह्मचारी के पवित्र चरण पड़ते हैं वहां २ पुण्य पुंज वर्धित हो जाता है। पापी लोग भाग जाते हैं और आनन्द मंगल प्रस्फुटित हो जाता है।

युग युग जिये ; यह ब्रह्मज्योति ?

विकारमयी प्रेम की घटनाएं सुनने में आती हैं। कितने ही मोहान्ध युगल–दम्पती आत्मघात भी कर लेते हैं। गुप्त अनाचार, गर्भपात, अकृत्रिम सन्तति निरोध, सृष्टि विरुद्ध कर्म, आम जनता के आने जाने के मार्ग पर बने हुए वेश्या-गृह ये सब मूकभाषा में क्या कह रहे हैं ?

खरी खरी बातें–स्पष्ट बातें.........

प्रत्यक्ष रूप से मदिरा-पान, मांसाहार का समर्थन होने के कारण सट्टा इत्यादि कुकृत्यों से प्राप्त धन से ही ऐसे दूषण उत्पन्न होते हैं। सैनिकों के लिये वेश्यागृह, आज का अपौष्टिक भोजन, तथा नागरिक अधिकारों से वंचित एवं सत्वहीन प्रजा के लिए आधुनिक राज्य संस्था मुख्य रूप से उत्तरदायी है।

यद्यपि आज की सामाजिक सम्पत्ति की उत्पत्ति अनीति से ही हो रही है तथापि उसकी प्रतिष्ठा है। इसी कारण से बाल विवाह, विधवा माताओं की असहाय अवस्था, नारी जाति के प्रति सन्मान का अभाव, कारखानों और मिलों में होने वाली चारित्र हीनता, चाय, बीड़ी सिगरेट इत्यादि कुव्यसनों की बढ़ती में समाज महान रूप से उत्तर-दायी है। समाज की इन बुराइयों के सम्मुख चुनौती देने वाली धर्म संस्था भी उत्तरदायी है।

यद्यपि धर्म संस्था, राज्य संस्था एवं समाज का प्रधान अंग व्यक्ति ही है तथापि 'यौवन' नामक पुस्तक में प्राण और कामविकार नामक सोपान में इसको लक्ष्य करके प्रेरक वाक्य का समावेश किया गया है। यहां उस को उद्धृत करना उचित ही होगा।

प्राण और कामविकार..........

विकारमयी प्राण ही तुमको कुपथगामी बनाता है और तुम जीवन की वीर्य जैसी अमूल्य वस्तु क्षणभर में नष्ट करके हताश हो जाते हो। याद रखो। मानव की महत्ता मनुष्य देह मात्र में नहीं अपितु वीर्य संचय में ही है। जब तक तुम्हारे में वीर्य है, तब तक तुम अत्यधिक धनवान-चक्रवर्ती सदृश समर्थ शक्तिवाले हो। तुम्हारे में चैतन्य देदीप्यमान बना रहता है। परन्तु जब वीर्य नष्ट हो जाता है तब तुम्हारी गणना कायरों की पंक्ति में होने लग जाती है। जैसे २ तुम शक्तिशाली एवं सुन्दर बनते जाते हो वैसे २ तुम्हारे पर प्राण और अधिक आक्रमण करता जाता है अर्थात् तुम्हारे में प्राण की वृद्धि होती जाती है। युवावस्था और तरुणता इसकी परम सहचरी हैं। अतः तुम को इस प्रकार की परिस्थिति में विशेष रूप से जागृत रहना चाहिए। स्मरण रखो! एक बार भी यदि नियन्त्रण चला गया तो उसी क्षण प्राण तुम्हारी बुद्धि तथा हृदय को वासना युक्त बना डालेगा। जैसे २ तुम कामवासना के अधीन होते जाओगे वैसे २ तुम्हारी परतंत्रता बढ़ती ही जायेगी। वासना का एकमात्र विचार आते ही तुम्हारे पतन का श्री गणेश होता जाता है। तुम्हें ऐसा विदित होगा कि तुम्हारे उच्च विचारों तथा ज्योति का अपहरण हो रहा हो। अन्ततः तुम यहां तक पतित हो जाओगे कि वीर्य जैसी अमूल्य निधि के स्वामी होने पर भी कायर से कायर बालक के पगों का चुम्बन करोगे। ओहो. कैसा अधःपतन? कहां तुम्हारा सर्वोपरि शासन?

प

म

स

के गलत मनोरंजन, सामाजिक कुप्रथाओं का प्रचार, कृत्रिम सन्तति निरोध के साधनों का आविष्कार, गंदे साहित्यों का बीभत्स प्रचार, एवं व्यापार ये सब काम रूपी अग्नि में घृत का काम करते हैं।

इस का प्रत्यक्ष प्रमाण निम्नलिखित है :—

सिनेमा नहीं दिखाऊंगा

"भक्त गुणलाल गौतम ने तिथि १८-२-४५ प्रजा बन्धु नामक समाचार पत्र में 'मेरी सन्तान को सिनेमा से हानि' ऐसा लेख लिखा है। इस लेख में उन्होंने अपने ८, ११ वर्षीय दो बालकों में असमय में विकसित जातीय जागृति के विषय में अपना दुःख पूर्ण अनुभव दर्शाया है। उन का कहना है कि जो सन्तान निर्बल, मदोन्मत, अल्पायु में ही यौवन धारक एवं असमय में ही वृद्धावस्था को प्राप्त हुई दृग्गोचर होती है, वह सिनेमा का ही प्रभाव है।"

इस व्यक्तिगत अनुभव जन्य विचारों पर प्रत्येक विचारक को गम्भीरता पूर्वक चिन्तन करना अनिवार्य है और ब्रह्मचर्य विषयक मौलिक विचारणा की भी उतनी ही आवश्यकता है। पुनः पुनः इस कथन को कहने की आवश्यकता नहीं है, शक्ति-आत्म शक्ति का विनाश अधिकाधिक कामवासना से ही होता है। अतः इस पर विजय पाये बिना कोई भी विजय सत्य विजय नहीं होती।

मन का प्रधान विषय कामवासना ही है परन्तु मन पर सहज नियन्त्रण करने से पूर्व शारीरिक एवं वाचिक संयम रूप ब्रह्मचर्य से प्रारम्भ करना अनिवार्य है। इसी को दृष्टिगत करते हुए एक ब्रह्मचर्य भक्त कवि का कथन है········

मन गया तो जाने दे, पर मत जाये शरीर।
बिगर छोड़ी कामठी, क्यों लगे को तीर ॥

इस का यह अर्थ कदापि नहीं कि शरीर को वशीभूत कर मन
ो सर्वथा स्वछंद कर दिया जाये। इस प्रकार के आचारण को तो
ताकार ने मिथ्याचरण ही कहा है। ऐसे मिथ्याचारियों में तो
ग आदि विविध प्रकार के विकारों की भी उत्पत्ति हो जाती है।
ो मानव प्रायः उन्मत्त भी हो जाते हैं। ऐसा विदित होता है
इन्हीं घटनाओं के आधार मे जातीय वज्ञानिक 'फाईड' आदि ने
मवासना को प्राकृतिक प्रेरणा रूप से स्वीकृत किया है। इसी
ाह में प्रवाहित होने वाले अत्यधिक पाश्चात्य एवं पूर्वात्य डाक्टर
आकर्षित हो चुके हैं। उसी तत्त्वज्ञान के आधार पर ही श्रीमती
र्डमार्टिन' अथवा श्री मती 'मारगरेट सैंगर' द्वारा प्रदर्शित सन्तति
रोध पीठिका की रचना हुई हो ऐसा महात्मा गांधी जी के साथ हुए
ा के वार्तालाप से प्रतीत होता है। वस्तुतः कामवासना स्वाभाविक
ीं है अपितु प्राण की निकृष्ट अवस्था में से वह प्रस्फुटित होती है।
न्तु प्राण की उत्तमोत्तम अवस्था मे वह स्वतः ही उपशान्त
जाती है। कामवासना एवं क्षुधापूर्ति में महान् अन्तर है। क्षुधा
न्ति के बाद प्रसन्नता प्राप्त होती है अर्थात् स्फुरणा आ जाती है।
मवासना की पूर्ति के पश्चात् इस से विपरीत अनुभव होता है।
ः स्वेच्छा का नियन्त्रण अकृत्रिम बन जाता है। यह संयम उन्मार्ग
भी सन्मार्ग गामी बना देता है। महान् व्याधि से पीड़ित मानव
यदि इस मार्ग का सहज पालन करे तो वह नीरोगी बन सकता
। पूर्वोक्त कथन अनुसार यह अध्यात्म पथ पर गमन कराता है।

—:o:—

ब्रह्मव्रत का प्राथमिक स्वरूप

इस व्रत का प्राथमिक स्वरूप इस प्रकार है………

"मैं मनुष्य या तिर्यंच सम्बन्धी, स्त्री अथवा पुरुष के स
से कामासक्ति जन्य किसी प्रकार की मानसिक, वाचिक या
चेष्टा को नियंत्रण में रखूंगा। मानसिक एवं वाचिक स्व
यदि पूर्व संस्कार के कारण उत्पन्न हो जायेगी तो भी काया से
व्रत का खण्डन नहीं करूंगा।"

ब्रह्मचर्य मार्ग द्वारा सिद्धि प्राप्त करने वाले ब्रह्मचारी स
का मंगलाचरण इस प्रकार होता है। अन्ततः उस मार्ग पर उत्तर
प्रगति करता हुआ अखण्ड ब्रह्मचर्य सिद्धि उपलब्ध करके वह
और जीवन का अन्तिम आदर्श रूप बन जाता है।

—:०:—

दो मार्ग

ब्रह्मचर्य पथ पर गमन करने वालों में एक वर्ग ऐसा भी है
विवाह के पश्चात् भी सदैव ब्रह्मचारी बन कर समाज, राष्ट्र
विश्व का कल्याण करता है।

यद्यपि सामान्य रूप से आधुनिक विश्व में प्राण-कामवास
की तीव्रता के कारण विवाह माना संभोग के लिये हो न हो ऐस
माना जाता है। परन्तु विवाह संभोग के लिए ही नहीं। यदि ऐस
हो तो

"गृहस्थाश्रमसमो धर्मः न भूतो न भविष्यति"

इस सूत्र को शास्त्र में स्थान प्राप्त न होता। परन्तु ऐसा है अर्थात् इस वाक्य को शास्त्र में स्थान उपलब्ध है। कारण कि जब भारत की प्रजा को प्राणवाही जनसंख्या की आवश्यकता थी, उस समय अचूक एवं वीर सन्तति के लिये ही उपर्युक्त सूत्र की रचना की गई थी। यदि संयमी लोग केवल सन्यास मार्ग पर ही अग्रसर हों तो ऐसे लाभ का होना असम्भव हो जाता है। इसी हेतु गृहस्थाश्रम की ओर कुछ विशेष रूप से आग्रह किया गया था। उस समय वानप्रस्थी अथवा त्यागी से नियोग पद्धति की याचना के लिये भी समाज उत्सुक था। ये बातें इस के दृढ़ प्रमाण हैं। जब वह मर्यादा सीमा से बाहर हो गई तो श्रीमान् शंकराचार्य ने इस विषय में क्रान्ति की।

ऐसे दम्पती एक नहीं अनेक मिलते हैं जिन्होंने विवाह के अनन्तर भी अखण्ड ब्रह्मचर्य का पालन करके अत्यधिक उत्थान किया है।

जैनागमों में विजया सेठ और विजया सेठानी का दृष्टान्त महान् चेतनाप्रद है। उन्होंने तो एक ही शय्या पर शयन करते हुए पूर्ण ब्रह्मचर्य का पालन किया है।

वैदिक सम्प्रदायों में रामकृष्ण परमहंस और शारदा देवी का ज्वलन्त उदाहरण प्राप्त है। विवाह के पश्चात् भी इस संन्यासी ने अपनी पत्नी की 'मां' रूप में पूजा करके जगत में डंका बजाया और उस "मां" ने वस्तुतः महाशक्ति के रूप में अपने को उत्तरदायी बना कर नारी समाज को उन्नतिशील बनाया था। आज भी ब्रह्मचर्य

सुदर्शन पर नगर की राजमाता अभयारानी अत्यन्त मु
हो चुकी थी। इस ने छल कपट द्वारा उस को एकान्त में बुलाय
अनेक प्रकार से उस के शरीर का स्पर्श किया। परन्तु अनेक प्रलो
देने पर भी महान् एकपत्नीव्रत धारी सुदर्शन किंचित्-मात्र
चलायमान नहीं हुआ। इस से क्रोधित अभया ने इस को कलंकि
करके हाहाकार मचाया। क्रोधातुर राजा ने दीर्घ दृष्टि से विच
किये बिना ही इस को शूली-दण्ड की आज्ञा दे दी। निन्दाप्रिय लोग
ने सुदर्शन के अपयश के गाने गाये। किन्तु अहिंसा, सत्य एवं ब्रह्मच
में अडिग सुदर्शन अडोल ही बना रहा। अन्ततः विजय सत्य की ह
हुई। उस समय भी सुदर्शन अभयारानी को अभयदान दिला क
स्वयं विनम्र ही बना रहा। सत्यमेव इस प्रकार के मानव विश्व मे
महान् रत्न के समान होते हैं।

विवाह के पश्चात् एक सन्तान होने के बाद ब्रह्मचारियों में समस्त विश्व के लिये आदर्श रूप भगवान् महावीर की जीवनी पुनः विचारणीय है। उन्होंने पुत्र सन्तान से नहीं, अपितु पुत्री सन्तान से ही तृप्त रह कर आदर्श गृहस्थाश्रम के एक पत्नीव्रत का तथा स्त्री पुरुष की स्वाभाविक समानता का यथार्थ बोध कराया। इससे स्पष्ट है कि 'एक गृहस्थ के लिये ब्रह्मचर्य स्वाभाविक नहीं है' ऐसा कहने वालों की जिह्वा अवश्य रुक जायेगी।

वस्तुतः विवाहित जीवन का प्रारम्भ कामवासना की पूर्ति के लिये नहीं किन्तु कामविकार को नियन्त्रण में रखा जाये इसी लिये हुआ है। इसी हेतु अमरीकन डाक्टर 'थारो' सिंह की भांति आदर्श गृहस्थ के लिये एक ही बार की सम्भोग क्रिया के पश्चात् सन्तोष के लिये सूचित करते हैं। तथापि शिष्यमंडली जब प्रश्न करती है कि इतने मात्र से यदि तृप्ति न हो तो वे कहते हैं 'वर्ष में एक बार'। इस से भी तृप्ति न हो—'छः मास में एक बार' इस पर भी सन्तुष्टि न हो तो मृत्यु को आमन्त्रण ही देना है। इस से यूरोप के भी निष्णात ब्रह्मचर्य को ही स्वाभाविक मान कर कितना महत्त्व देते हैं, यह सब सम्यग्-रूप से समझ में आ सकता है।

इसी लिये ही सन्तानोत्पत्ति की अनिवार्यता के बिना संभोग स्वदारा व्यभिचार ही है। क्या कामविकार की तृप्ति कभी किसी को भी हुई है………

भोगों को भोग कर कोई, भोग इच्छा शान्त नहीं होय।
घी होम में अग्नि वत्, पल पल बढ़ती ही जाय॥

यह शास्त्र वाक्य है, और अनुभवी का उद्गार भी है……
'मातृ जाति के मांसपिण्ड का मर्दन किया तो भी न प्राप्त हुआ

एक रस विन्दु।"

इसी लिये ब्रह्मचर्य स्वाभाविक ही है। ब्रह्मचारी ही शोणित की नहीं किन्तु सुविचार सन्तति की सृष्टि मे चरित्र की सुगन्ध चहुं ओर फैला देते हैं। वीर्य सन्तति से विचार सन्तति ही सर्वोपरि है।

प्राचीन समय में वानप्रस्थाश्रम की महत्ता इसी लिये थी कि इस में पति-पत्नी दोनों को साथ में रह कर ब्रह्मचर्य का पालन करना होता था। आधुनिक वानप्रस्थाश्रमी वन में निवास करने वाला नहीं अपितु समाज में ही करने वाला होगा। आज इस वर्ग की अति अधिक आवश्यकता है। महात्मागांधी इस प्रकार के वानप्रस्थाश्रम के ज्वलंत उदाहरण थे। वे अपने अनुभव से कहा करते थे कि स्त्री सहित ब्रह्मचर्य पालन गृहस्थ युगल का आनन्द तो कुछ विलक्षण ही होता है। उनके इस आनन्द में कस्तूरबा का अमूल्य सहयोग था। गान्धी जी तो विश्व विख्यात थे ही किन्तु प्रसिद्धि मात्र से दूर रह कर ब्रह्मचर्य के पथ पर गमन करने वाली जगदम्बा तो वस्तुतः जगत जननी ही मानी गई। पति के प्रति अनन्य भक्ति की दृष्टि के कारण ही कस्तूरबा गान्धी जी की अपेक्षा अधिक पूज्य हो गई।

[illegible] आवश्यक है।

[illegible]

पाप से उन्मुक्त होने के लिए जीवन के तट पर निवास करने वाला अपनी मरणावस्था का सुधार करें ।

विधवा वहनों को ब्रह्मचर्य व्रत पालन की सन्मति देने वाले विधवा वहनों के माता-पिता को तथा विधुर पुरुषों को भी इसी प्रकार की सन्मति दें । यदि उनके दूषित विचारों में पवित्रता न आवे तो प्रवल आन्दोलन द्वारा जागृति लाने की अति अधिक आवश्यकता है ।

इस प्रकार ग्राम एवं समाज सेवकों की जो शून्यता दृष्टि-गोचर हो रही है उस की पूत निश्चय रूप से होगी । सामाजिक क्षेत्र में व्यक्ति दुराचार रूप महाव्याधि का प्रसार अवश्य ही न्यून हो जाएगा । क्षयरोग, हृदयवन्ध-हृदय-धड़कन का वन्द होना एवं दमा जैसे अन्य भयंकर रोग भी कम हो जाएंगे । आयु काल भी पूर्ण होगा । वाल मृत्यु रुक जाएगी । वेश्याओं की वृद्धि नहीं होगी एवं संस्कृति का साम्राज्य प्रफुल्लित होगा ।

इसी भांति अन्य दृष्टि से विचार करने पर एक द्वितीय वर्ग ऐसा भी है जो आजन्म अविवाहित रह कर कर्मयोग, ज्ञानयोग तथा भक्तियोग में ही किसी एक को मुख्य रूपसे अपना कर जीवन निर्वाह करता है ।

जैन साधु साध्वी वर्ग में अविवाहित अवस्था में ही दीक्षित होकर सन्यास पथ को शोभित करने वाले अनेक दिव्य-रत्न प्राचीन समय में हो चुके हैं । आज भी विद्यमान हैं. किन्तु वाल दीक्षा के व्यामोह ने उस में वहुत ही विकट स्थिति उत्पन्न कर दी है । उसका उल्लेख करना भी अनिवार्य है ।

प्रयोग करते थे।

वैदिक ऋषि जमीकन्द का उपयोग करते थे किन्तु उस समय गमता से उपलब्ध हो जाने के कारण उनका केवल उससे ही निर्वाह जाता था। परन्तु इसका अन्धानुकरण करते हुए उपवास भी जमीकन्द का भोजन करना अभीष्ट नहीं है। इसी प्रकार र्तमान परिस्थिति में केवल फलाहार अथवा दुग्धाहार सर्वत्र सभी ो सुलभ नहीं।

ब्रह्मचारी को मांसाहार नहीं करना चाहिए। यद्यपि स्वामी विवेकानन्द जी किसी परिस्थिति में मांस ग्रहण करते थे, तथापि न्होंने इसमें अपनी न्यूनता को भी दर्शाया है। कोई भी धर्म मांसाहार विधान को करता ही नहीं है। फिर भी इस्लाम धर्म तथा ईसाई र्म के नाम पर जो लोग इस विधान को मानते हैं, यदि वे इस र्म के सर्व संयोगों पर दीर्घ दृष्टि से विचार करें तो उपर्युक्त कथन नको स्वयमेव ही समझ में आ जाएगा। यह बात तो सुप्रसिद्ध ही कि मदिरा मनुष्य की विवेक बुद्धि को नष्ट करती है।

अनीति के धन से उत्पन्न भोजन भी मन को दूषित करता है। क सेठ को अन्यायी जुआर के घेवर* खाके में अपनी ही पुत्री पर विकार उत्पन्न हुआ। ज्यों ही पुत्री का हाथ पकड़ने जाता है त्यों ही ही सुशील पुत्री सावधान होकर माता के समीप चली जाती है। तीक्ष्ण बुद्धि माता उस की बात सुनकर सब बात समझ गई। उसने ति को दस्त की गोली दी। अन्ततः जंगल आने के अनन्तर सेठ

*घेवर :—एक प्रकार का भोजन होता है।

की विवेक पूर्ण बुद्धि पुनः अपने स्थान पर आ गई और सेठ
पश्चात्ताप करने लगा।

जुआ, सट्टा, अत्यधिक लाभ, महायन्त्र, निष्ठा तथा चोरी
महा-व्यसन तो ब्रह्मचारी के लिए नितान्त त्याज्य है। इतना ही
अपितु चाय, बीड़ी जैसे समाजमान्य व्यसन भी ब्रह्मचारी की ब्र
साधना में अनिष्ट परिणाम वाले हैं।

एक जिज्ञासु व्यक्ति ने अपने व्यक्तिगत अनुभव से कहा
बीड़ी सिगरेट ने मेरी विषय रूपी अग्नि को बढ़ाने में घी का
किया है।

चाय से वीर्य में पतलापन एवं क्षीणता आती है। चाय
तथा अन्य आर्थिक, गौविषयक आदि की हानि के साथ साथ ब्रह्म
साधना में विघ्न उत्पन्न होते हैं।

अतः गाय का दूध, मिर्च एवं तेल का कम प्रयोग, मिष्ठान्न
कुश, सहज प्राप्त सस्ते फल, गेहूं, बाजरा, प्रभृति धान्य, चन
ग, आदि जैसे कठोर अन्न का यथासंभव कम उपयोग, तली हु
स्तु की उपेक्षा, चीनी तथा नमक की वस्तुओं पर नियन्त्रण कर
वश्यक है।

जो अधिक श्रमजीवी नहीं है उनके लिये प्याज का
हानिकारक हो सकता है। आलू, शकरकन्दी, गाजर
ठ वनस्पति का इच्छापूर्वक उपभोग करना अस्वाद व्र
क एवं ब्रह्मचर्य साधना का बाधक बन सकता है।

(ख) रात्रि भोजन-त्याग, शारीरिक श्रम का आग्रह :
उदर-शुद्धि ब्रह्मचर्य साधक के लिये अत्यन्त आवश्यक

